# नटेरन में क्रिकेट लीग के मंच से गूंजा विद्रोह

**खास बातें**

- खिलाड़ियों का संकल्प ग्राउंड नहीं तो वोट नहीं
- खेल मैदान के अभाव पर फूटा आक्रोश
- 1.5 करोड़ स्वीकृत राशि के बावजूद निर्माण अधूरा, चुनाव बहिष्कार की चेतावनी



**नवभारत न्यूज**

**नटेरन 22 मार्च, जिले के नटेरन क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया जब एक दिवसीय घरेलू क्रिकेट लीग मैच के दौरान खिलाड़ियों ने अस्थाई मैदान पर ही संकल्प लेते हुए कहा कि ग्राउंड नहीं तो वोट नहीं और सरकार को खुली चेतावनी दी.**

नटेरन मुख्यालय पर युवाओं द्वारा आयोजित यह क्रिकेट लीग महज खेल प्रतियोगिता नहीं रही, बल्कि सिस्टम के खिलाफ आक्रोश का मंच बन गई. प्रतियोगिता के दौरान क्षेत्र भर से जुटे सैकड़ों खिलाड़ियों और युवाओं ने खेल मैदान के अभाव पर गहरी नाराजगी जताते हुए आगामी चुनाव में सत्ताधारी दल के बहिष्कार का सामूहिक संकल्प लिया.हैरानी की बात यह है कि जहां प्रदेश और केंद्र सरकार खेल सुविधाओं को लेकर बड़े-बड़े दावे करती है, वहीं विदिशा जिले के नटेरन जैसे क्षेत्र में युवा आज भी खलिहानों को साफ कर खेल खेलने को मजबूर हैं. नटेरन, जिसे भाजपा का गढ़ माना जाता है, वहां तहसील कार्यालय, जनपद कार्यालय और एसडीएम कार्यालय सहित कई सरकारी संस्थान मौजूद हैं, लेकिन खेल मैदान की सुविधा आज भी नदारद है.

खिलाड़ियों ने बताया कि वर्षों की मांग के बाद डेढ़ करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत हो चुकी है, लेकिन प्रशासनिक उदासीनता के चलते निर्माण कार्य अब तक शुरू नहीं हो पाया है. इसी को लेकर युवाओं में भारी आक्रोश है.घरेलू लीग में शामिल खिलाड़ियों ने एक स्वर में कहा कि यदि वर्तमान कार्यकाल में उन्हें खेल मैदान नहीं मिला तो वे आगामी चुनाव में भाजपा का पुरजोर विरोध करते हुए मतदान का बहिष्कार करेंगे. खिलाड़ी स्वयं वोट नहीं करेंगे और अपने परिवार व क्षेत्र की जनता को भी वोट न देने के लिए प्रेरित करेंगे.मैच के बाद हुई सभा में युवाओं ने मैदान की लोकेशन को लेकर भी कड़े तेवर दिखाए. उन्होंने स्पष्ट कहा कि खेल मैदान गांव के नजदीक ही बनाया जाए. यदि प्रशासन ने दूर या अनुपयोगी स्थान पर जल्दबाजी में मैदान बनाया तो युवा उसे स्वीकार नहीं करेंगे और उग्र आंदोलन करेंगे.युवाओं की प्रमुख मांगों में 1.5 करोड़ रुपए की स्वीकृत राशि से तत्काल निर्माण कार्य शुरू करना, मैदान का चयन गांव के समीप और खिलाड़ियों की सुविधा के अनुसार करना तथा प्रशासनिक देरी को समाप्त कर निर्धारित समय सीमा में कार्य पूरा करना शामिल है.

# मौसम के बदलते मिजाज से किसानों की बढ़ी चिंता

**बारिश और ओलावृष्टि से नुकसान, कटाई में जुटे किसान, मजदूर न मिलने से बढ़ी परेशानी**



**नवभारत न्यूज**

**पठारी 22 मार्च, मौसम के पल-पल बदलते मिजाज को देखते हुए किसानों की चिंताएं बढ़ गई हैं. गुरुवार शाम से शुरू हुई बारिश और शुक्रवार दोपहर में हुई तेज वर्षा व हल्की ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान पहुंचा है.**

रविवार को फिर मौसम में बदलाव के संकेत मिलने पर खेतों में खड़ी फसल की कटाई तेजी से की जा रही है. जिन किसानों की फसल कटकर खेतों में पड़ी हुई है, उनकी चिंता और बढ़ गई है. आसमान में छाए बादलों को देखकर किसान कटी हुई फसलों को समेटने में जुट गए हैं, ताकि बारिश से और नुकसान न हो.किसानों का कहना है कि यदि कटी हुई फसल को समय रहते नहीं समेटा गया तो नुकसान और बढ़ सकता है. पिछले दो दिनों में हुई बारिश के कारण कई किसानों को पहले ही नुकसान उठाना पड़ा है. खेतों में खड़ी गेहूं की फसल भी आंधी के कारण गिर गई है.किसान अवनी सहेल ने बताया कि आसमान में बादल छाने के कारण मजबूरी में महंगे दामों पर किराए का हार्वेस्टर लेकर गेहूं की कटाई करानी पड़ रही है. वहीं किसानों को अपनी फसल निकलवाने के लिए हार्वेस्टर चालकों के चक्कर भी लगाने पड़ रहे हैं.जिन किसानों की फसल कुछ दिनों में तैयार होने वाली है, वे भी मौसम को देखते हुए जल्द कटाई कराने की योजना बना रहे हैं. वहीं चना और सरसों की फसल काट चुके किसान थ्रेशर के लिए मजदूरों की तलाश में जुटे हैं.मजदूरों की कमी के चलते मजदूरी दरों में भी बढ़ोतरी हो गई है. पहले जहां मजदूर थ्रेशर के लिए 200 से 300 रुपए लेते थे, अब वही 400 से 500 रुपए तक मांग रहे हैं, जिससे किसानों पर आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है.

## एक नजर में

### नगद इनाम की घोषणा

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के द्वारा थाना मुरवास जिला विदिशा में दर्ज अपराध क्रमांक 06/2026 की विभिन्न धाराओं के फरार आरोपी मनीष धाकड़ निवासी बेरखेड़ी किरार थाना शमशाबाद जिला विदिशा की सूचना देने वालो को तीन हजार रूपए नगद राशि देने की उद्घोषणा की है.सूचनाकर्ता चाहे तो उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा.



# महामाई दरबार में चैत्र नवरात्रि पर्व की धूम

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज,** जन-जन की आराध्या महामाई माता के दरबार में इन दिनों चैत्र नवरात्रि पर्व की धूम है. माता के दरबार में श्री विद्या शतचंडी दुर्गा महायज्ञ एवं मेले का आयोजन किया जा रहा है. इस दौरान माता के दरबार की आकर्षक विद्युत सजावट की गई है.

# शिविर में 500 से अधिक लोगों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण



**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज, ग्राम वीरपुर स्थित श्री महामाई माता के दरबार में रविवार को स्व. लक्ष्मीकांत शर्मा की स्मृति में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर संपन्न हुआ. शिविर का शुभारंभ मैया महामाई के चित्र का पूजन कर किया गया. इस मौके पर समिति ने चिकित्सकों का पुष्पमाला एवं चुनरी ओढ़ाकर स्वागत किया. शिविर में बड़ी तादाद में लोग स्वास्थ्य परीक्षण के लिए पहुंचे.**

इस दौरान 500 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया. शिविर में भोपाल के स्मार्ट सिटी हॉस्पिटल के अनुभवी चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य विभाग जिला विदिशा की टीम द्वारा सेवाएं प्रदान की गई. चिकित्सक दल में मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. विजय सक्सेना, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पियूष गोयनका, न्यूरोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. नमन अग्रवाल, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रेखा भाटी, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. कविता अग्रवाल, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. कौशिक अधिकारी एवं डॉ. दीपक गोयल, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. मयंक पांडे एवं सर्जरी विभाग के डॉ. कुंदन राय सहित अन्य चिकित्सकों ने सेवाएं दी. शिविर में मरीजों का पंजीयन किया गया. इसके उपरांत सभी मरीजों की ब्लड प्रेशर एवं शुगर की जांच की गई. प्रारंभिक जांच के बाद मरीजों को संबंधित विशेषज्ञ डॉक्टरों के पास परामर्श हेतु भेजा गया. विभागवार अलग-अलग केबिन बनाए गए थे. शिविर में ईसीजी जांच, रक्त की विभिन्न प्रकार की जांचें, ब्लड ग्रुप जांच सहित अनेक जांच की गई. मरीजों को निःशुल्क दवाईयों का वितरण भी किया गया.

# धर्ममय हुई सांची नगरी, नवरात्रि में मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**सुबह से जलाभिषेक और पूजा-अर्चना का सिलसिला, प्रमुख मंदिरों में दिखा आस्था का उत्साह**

**नवभारत न्यूज**

**सांची,** चैत्र नवरात्रि के शुभारंभ के साथ ही ऐतिहासिक नगरी सांची पूरी तरह धर्ममय हो गई है. नगर के प्रमुख मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है. भक्तजन तड़के ही मंदिर पहुंचकर माता रानी के दर्शन कर जलाभिषेक एवं विधिवत पूजा-अर्चना कर रहे हैं.नगर के शिव मंदिर चौराहा, हनुमान मंदिर थाना प्रांगण, कानाखेड़ा स्थित माता मंदिर एवं दुर्गा मंदिर सहित अन्य मंदिरों में विशेष सजावट की गई है. इन मंदिरों में सुबह-शाम आरती के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर धर्म लाभ ले रहे हैं. वहीं कई स्थानों पर भजन-कीर्तन के आयोजन से वातावरण और भी भक्तिमय हो गया है.चैत्र नवरात्रि की मान्यता के अनुसार इन नौ दिनों में माता दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधिवत पूजा-अर्चना करने से सुख, समृद्धि एवं शांति की प्राप्ति होती है. मान्यता है कि इस दौरान मां की आराधना करने से सभी कष्टों का निवारण होता है और भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं. इसी आस्था के चलते श्रद्धालु पूरे विधि-विधान के साथ उपवास रखकर पूजा-अर्चना में लीन हैं.नवरात्रि के इन पावन दिनों में पूरा नगर आस्था और श्रद्धा के रंग में रंगा नजर आ रहा है तथा हर ओर भक्तिभाव का माहौल बना हुआ है.

विकास पचौरी रेडियो
84 35 250 250
मोबाइल के प्ले स्टोर पर
Vikas Pachori Radio
टाइप करके इंस्टॉल कीजिए
और लगातार 24 घण्टे
आनंद लीजिए.

# चैत्र नवरात्रि प्रारंभ होते ही माता मंदिरों में होने लगे अनुष्ठान



**नवभारत न्यूज**

**पठारी,** चैत्र नवरात्रि प्रारंभ होते ही घट स्थापना के बाद श्रद्धालुओं द्वारा अखंड ज्योति पूजन अनुष्ठान महा आरती की जाने लगी है इस दौरान बालाजी धाम वडोह में स्थित नौ देवियों के स्थान पर चैत्र नवरात्रि के नौ दिन का उत्सव मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा अर्चना अनुष्ठान के लिए समर्पित रहते हैं। एवं भक्ति व्रत रखते हैं घट स्थापना करते हैं मां दुर्गा से सुख -समृद्धि शक्ति और विजय की कामना करते हैं। लेकिन कई बार यह धारणा बन जाती है कि बिना विधान के ये विधि पूरी नहीं हो सकती जबकि बालाजी धाम के पिठा धिश्वर महंत विष्णु दास जी महाराज एवं आचार्य महंत रसिक दास जी महाराज बालाजी धाम वडोह का कहना है कि यदि विधि-विधान और सावधानियों का ध्यान रखा जाए तो कोई भी व्यक्ति अपने घर पर घट स्थापना कर पूर्ण फल प्राप्त कर सकता है. उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जितनी जरूरी घट स्थापना है, उतना ही विसर्जन के समय सावधानियां बरतना आवश्यक है.

# सिद्धेश्वरी माता मंदिर में धूमधाम से मनाया गया राम जन्मोत्सव



**नवभारत न्यूज**

**सांची, नगर के सिद्धेश्वरी माता मंदिर में आज राम जन्मोत्सव का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया. कार्यक्रम के दौरान भगवान राम के जीवन से समरसता, परिवार प्रबोधन एवं सशक्त संगठन निर्माण के विषय पर प्रेरणादायक उद्बोधन दिया गया.**

इस अवसर पर आरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के विभाग संगठन मंत्री आदरणीय श्री मुकेश माहेश्वरी जी ने उपस्थित जनसमूह को मार्गदर्शन प्रदान किया.

कार्यक्रम में जिला सह मंत्री सुमेर सिंह ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष गोपाल राठौर, जिला सहसंयोजक रवि प्रजापति, जिला सहसंयोजक अनूप अग्रवाल, प्रखंड अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, सांची नगर अध्यक्ष गौरव राजपूत, नगर मंत्री गोविंद राजपूत एवं नगर संयोजक राधे विश्वकर्मा सहित नगर के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे.धार्मिक आस्था और संगठनात्मक एकता के इस आयोजन ने श्रद्धालुओं में नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार किया.

# भाजपा के दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का समापन, कार्यकर्ताओं में भरा नया उत्साह

**गंजबासौदा में मंडल स्तरीय प्रशिक्षण, संगठन मजबूती और रणनीति पर हुआ मंथन**



**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा, बरेठ रोड स्थित दाद जी प्लाजा में भारतीय जनता पार्टी के दो दिवसीय मंडल स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग का भव्य और उत्साहपूर्ण समापन हुआ. यह प्रशिक्षण वर्ग संगठनात्मक मजबूती, वैचारिक स्पष्टता और आगामी राजनीतिक रणनीतियों को धार देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में मंडल स्तर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया.**

कार्यक्रम की शुरुआत पंजीयन प्रक्रिया के साथ हुई, जिसके बाद वंदे मातरम के सामूहिक गायन से पूरे आयोजन में राष्ट्रभक्ति का वातावरण निर्मित हो गया. दो दिनों तक चले इस प्रशिक्षण वर्ग में अलग-अलग सत्रों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठन के विभिन्न पहलुओं पर गहन प्रशिक्षण दिया गया.प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम दिन क्षेत्रीय विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी. उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही कार्यकर्ताओं की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है. साथ ही संगठन को मजबूत बनाने के लिए निरंतर सक्रिय रहने का आह्वान किया.इस प्रशिक्षण वर्ग की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शशि अनिल यादव ने की. अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन की रीढ़ बताते हुए कहा कि किसी भी राजनीतिक दल की वास्तविक ताकत उसके जमीनी कार्यकर्ता होते हैं. उन्होंने मंडल और बूथ स्तर पर सक्रियता को संगठन की मजबूती का आधार बताया.दूसरे दिन प्रथम सत्र में जिला मीडिया प्रभारी राहुल जैन ने सोशल मीडिया की बढ़ती भूमिका पर जोर देते हुए आई नमो ऐप एवं संगठन एप के प्रभावी उपयोग की जानकारी दी. उन्होंने कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म संगठन की ताकत को कई गुना बढ़ा सकते हैं.द्वितीय सत्र में जिला महामंत्री बलवीर सिंह रघुवंशी ने पार्टी के इतिहास, संघर्ष और विचारधारा पर प्रकाश डाला, जिससे कार्यकर्ताओं में समर्पण और गर्व की भावना मजबूत हुई.तृतीय सत्र में प्रदेश कार्यालय मंत्री महिला मोर्चा श्वेता त्यागी ने बूथ प्रबंधन की बारीकियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से जनसंवाद को सशक्त करने पर जोर दिया.

चतुर्थ सत्र में पूर्व जिला उपाध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव ने प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं से उनके व्यापक प्रचार-प्रसार का आह्वान किया.पंचम सत्र में पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश सोनी ने संगठन के वैचारिक अधिष्ठान और मूल सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए अनुशासन, निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने का संदेश दिया.प्रशिक्षण वर्ग के विधानसभा प्रभारी एवं जिला उपाध्यक्ष संदीप ठाकुर की उपस्थिति में पूरा आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ. उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण वर्ग संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाते हैं.दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ. अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन की नीतियों और विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने तथा आगामी चुनौतियों का मजबूती से सामना करने का संकल्प लिया.इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र मैना, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती अंजलि मनोज यादव, नगर मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा पिंकू, राजेश अरोरा, महेंद्र लोधी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे. दो दिवसीय इस प्रशिक्षण वर्ग में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया.

**श्रमदान** | **नदी घाट पर अनुशासन पर जोर, श्रमदान के साथ सख्त संदेश, अव्यवस्था को बताया अस्वीकार्य**

# विश्व जल दिवस पर श्रमदान अभियान में दिखा जागरुकता और सख्ती का संगम





**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा,विश्व जल दिवस के अवसर पर श्रमदान दल गंजबासौदा द्वारा संचालित साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 के अंतर्गत 42वां चरण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ. करीब तीन घंटे तक चले नदी स्वच्छता अभियान में दल के सदस्यों ने घाटों और प्रवाह क्षेत्र से कचरा एकत्र कर सफाई की. साथ ही नदी में विसर्जित सामग्री को भी बाहर निकाला गया. इस दौरान लगभग दो ट्रॉली कचरा एकत्र किया गया.**

यह दृश्य जहां एक ओर समाज की लापरवाही को उजागर करता है, वहीं दूसरी ओर जागरूकता की आवश्यकता को भी रेखांकित करता है.पिछले करीब 5 वर्षों से लगातार चल रहे इस अभियान के माध्यम से अब तक 50 टन से अधिक कचरा नदी से बाहर निकाला जा चुका है, जो सेवा, समर्पण और पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्धता का उदाहरण है.अभियान के दौरान एक संवेदनशील स्थिति भी सामने आई, जब एक शोकाकुल परिवार द्वारा घाट किनारे मुंडन संस्कार किए जाने की तैयारी की जा रही थी. इस पर श्रमदान दल के सदस्यों ने विनम्रतापूर्वक अनुरोध किया कि निर्धारित स्थानों का ही उपयोग किया जाए. प्रारंभ में कुछ असहमति के बावजूद समझाइश और सहयोग से अंततः संस्कार निर्धारित स्थान पर ही संपन्न हुआ.इस दौरान दल के सदस्यों ने स्पष्ट कहा कि नदी घाट कोई कचरा स्थल या अनियमित गतिविधियों का स्थान नहीं है. धार्मिक और सामाजिक आयोजनों के नाम पर नदी को प्रदूषित करना पर्यावरण और आने वाली पीढ़ियों के साथ अन्याय है.श्रमदान दल ने प्रशासन से अपील की है कि घाटों पर निर्धारित स्थानों के उपयोग को सुनिश्चित किया जाए, स्वच्छता नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए और अनियमित गतिविधियों पर निगरानी बढ़ाई जाए. साथ ही स्पष्ट सूचना पट्ट, जागरूकता अभियान और आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं.अंत में श्रमदान दल ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि नदियां केवल जल का स्रोत नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और आस्था का आधार हैं. इसलिए इनमें कचरा, पूजन सामग्री या प्लास्टिक न डालें.

# आज समाज को मुस्लिम राष्ट्रीय मंच जैसे सेवा भावी संगठनों की जरुरत- महाराज



**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संबद्ध मुस्लिम राष्ट्रीय मंच द्वारा भारतीय नववर्ष, गुड़ी पड़वा, ईद-उल-फितर और चेटीचांद के अवसर पर प्रतिभावान बच्चों एवं ग्रामीण जनों को नवीन वस्त्र व मिठाइयों का वितरण कर खुशियां बांटी गई.**

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मातारानी मंदिर के मुख्य पुजारी महाराज बालाराम गुरूदेव महाराज ने कहा कि आज समाज को मुस्लिम राष्ट्रीय मंच जैसे राष्ट्रवादी और सेवा भावी संगठनों की आवश्यकता है, जो राष्ट्रीय एकता और अखंडता को मजबूत करते हुए भारतीय संस्कृति और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाते हैं.मंच के गौ सेवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने बताया कि संगठन द्वारा हर वर्ष विभिन्न पर्वों पर जरूरतमंद परिवारों को वस्त्र, मिठाई और दैनिक उपयोग की सामग्री वितरित की जाती है. साथ ही प्रतिभाशाली बच्चों को शैक्षणिक सामग्री, बालिकाओं की शिक्षा में सहयोग, पौधारोपण, गौ सेवा, नशा मुक्ति अभियान और अन्य जनजागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं.इस अवसर पर उन्होंने मंच के अखिल भारतीय मार्गदर्शक इंद्रेश कुमार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में मुस्लिम युवाओं को एक नई दिशा मिल रही है, जिससे सामाजिक समरसता का वातावरण मजबूत हो रहा है.समाजसेवी सोना देवी पंथी ने संगठन की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के सेवा कार्यों की अधिक आवश्यकता है, जहां अक्सर सामाजिक संगठनों की पहुंच कम होती है.कार्यक्रम में मंच के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे.